अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुन्ज, नई दिल्ली-110070

प्रेस विज्ञप्ति २३/१२/२०२१

NEAT पोर्टल पाठ्यक्रम के १२ लाख निशुल्क कूपन के बटवारे हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का उत्तर प्रदेश राज्य के लिए जागरूकता अभियान

अभातशिप के "प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय शिक्षा गठबंधन" (NEAT) सेल ने दिनांक २३/१२/२०२१ को १२:१५ पर एक ऑनलाइन मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में उत्तर प्रदेश में स्थित तमाम तकनिकी सस्थानों पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग सस्थानों को आंमत्रित किया। इस मीटिंग का उदेश्य शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक स्कीम "प्रोद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय सहयोग" की जागरूकता बढ़ाना था जिससे की अधिक से अधिक छात्र / छात्राएं इसमें पंजीकरण करवा कर इसका लाभ ले सकें।

एक वर्ष पूर्व, शिक्षा मंत्रालय ने सरकार (अपनी कार्यान्वयन एजेंसी अभातशिप के माध्यम से) और भारत की शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के रूप में "प्रोद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय सहयोग" की घोषणा की है।

NEAT का उद्देश्य शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ तकनीकी उत्पादों को एक मंच पर लाना है। पोर्टल पर अत्यधिक रोजगारपरक कौशल वाले क्षेत्रों में अनुकूलित सीखने या ई-सामग्री के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने वाले प्रौद्योगिकी उत्पाद उपलब्ध हैं। इस योजना में समाज के कमजोर वर्गों से उच्च शिक्षा के मौजूदा छात्रों के लिए निशुल्क कूपन भी शामिल हैं। इन निशुल्क कूपन का वितरण NEAT पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

इस ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम सभी सस्थानों को अभातशिप के पास उपलब्ध १२ लाख निशुल्क कूपन के बारे में अवगत कराया। साथ ही मुख्य प्रबंधन अधिकारी श्रीमान बुद्धा चंद्रशेखर ने NEAT सेल के अन्य पहलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मुख्य रूप में इंटर्नशिप पोर्टल (**https://internship.aicte-india.org/register_new.php**), NEAT पोर्टल (**https://neat.aicte-india.org/**), ELIS पोर्टल (**https://free.aicte-india.org/**) एवं भाषा परिवर्तन टूल के बारे में सभी सस्थानों को अवगत कराया।

#अभातशिप के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल सहस्रबुद्धे ने कहा क़ि छात्रों को रोजगार के काबिल बनाने के लिए केवल सीमित पाठ्यक्रम जो की यूनिवर्सिटीज और कॉलेज में संचालित है पर्याप्त नहीं है, छात्रों को अग्रिम पाठ्यकर्म का भी अध्ययन करना पड़ेगा| अभातशिप के NEAT पोर्टल के माधयम से बेचे गए कोर्सेज का २५% कोर्सेज एडुटेक कम्पनीज को गरीब छात्रों को फ्री मुहैया करवाने होंगे. इसे कड़ी में आभातशिप के पास अभी १२ लाख निशुल्क कूपन उपलब्ध है जो वो भारत के ८ लाख से कम आय वाले छात्रों को बांटना चाहता है।

#अभातशिप के उपाध्यक्ष प्रोफेसर एमपी पूनिया ने कहा कि उचित इंटर्नशिप कार्यक्रमों के बिना शिक्षा अधूरी होगी। अतः सभी छात्रों को NEAT सेल की सभी पहल में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले व उचित लाभ उठाएं।

उत्तर प्रदेश राज्य के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अमित सालुंके ने भी इस मुहीम हेतु सभी प्रधानाचार्यों/ कुलपतियों / डीन / रजिस्ट्रार एवं समस्त शिक्षकों से आग्रह किया की वे सभी अभातशिप की NEAT की इस मुहीम में आगे आयें।

इस कार्यक्रम में श्री नीरज कुमार उपनिदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, कानपूर भी उपस्थित रहे एवं आस्वस्त किया की आने वाले २ दिन में सभी सस्थानों व छात्रों का पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान NEAT सेल के सहायक निदेशक श्री विपिन कुमार, श्री बलविंदर सिंह, एवं श्री रमेश एन मौजूद रहे व इन्होंने समस्त सस्थानों को हर संभव सहायता के लिए आस्वस्त किया।

दिए हुए इस लिंक पर क्लिक करें और योजनाओं का लाभ लें : **https://internship.aicte-india.org/register_new.php**

***************** END***************

नियमित अपडेट के लिए हमें सोशल मीडिया पर फॉलो करें।

@AICTE_INDIA /OfficialAICTE /MediaAICTE /company/aicteindia